Reg. No. : ..................................

Name : .......................................

**SME-05**

**SECOND YEAR HIGHER SECONDARY MODEL EXAMINATION, FEBRUARY 2020**

Part – II

**HINDI**

Maximum : 80 Scores

Time : 2½ Hours

Cool-off time : 15 Minutes

*सामान्य निर्देश :*

- प्रश्न वाचन और चिंतन के लिए 15 मिनट का समय है ।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें ।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें ।
- सूचना के अनुसार वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

**सूचना : 1 से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर कोष्ठक से चुनकर लिखें ।** **(5 × 1 = 5)**

1. 'मेरे भारतवासियों ....' किसका भाषण है ?

   (नेहरू, तिलक, पटेल)

2. 'बेटी के नाम' किस विधा की रचना है ?

   (कहानी, जवाबी पत्र, कविता)

3. 'रत्नाकर' शब्द का अर्थ क्या है ?

   (पहाड़, सागर, पयोद)

4. 'राजवंती माँ' किस कहानी का पात्र है ?

(दवा, ज़मीन एक स्लेट का नाम है, मुरकी उर्फ़ बुलाकी)

5. 'दोस्ती' फिल्मी गीत के रचनाकार कौन हैं ?

(आनंद बख्शी, ओ.एन.वी. कुरूप, बच्चन)

**सूचना : कवितांश पढ़ें और 6 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

इक कमरे वाली झोंपड़ी में
बच्चों के सो जाने पर
मैं अपनी मन-दीवार पर
अपना विस्तृत घर खींचने लगी ।

खाने-पीने-सोने के
अलग-अलग कमरे,
रसोई यदि बैठक के
निकट रखती तो
पूजा का कमरा कहाँ होगा ?

6. झोंपड़ी में कौन सो रही है ? (1)

7. सपने में रसोई का स्थान किसके निकट है ? (1)

8. कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखें । (6)

9. सही मिलान करें : (8 × 1 = 8)

| | | |
|---|---|---|
| Certificate | – | भूगोल |
| Discount | – | प्रमाणपत्र |
| Atom | – | प्रतिशत |
| Geography | – | मानविकी |
| Percent | – | टीकाकरण |
| Ratio | – | बट्टा |
| Humanities | – | अनुपात |
| Vaccination | – | परमाणु |

**सूचना : 10 से 14 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखें ।** **(3 × 2 = 6)**

10. "मेरी ओर बढ़ाते फूल और

उसके मुखड़े दोनों को देखा मैंने" कवि ने क्या-क्या देखा ?

11. "अपने वतन दिल्ली से सैकड़ों कोस दूर, घर से जुदा और ऐसे जुदा कि अब जीते-जी किसी से मिलने की आस नहीं है ।" बादशाह ऐसा क्यों सोचते हैं ?

12. मुरकी पहले किस प्रकार राजवंती के घर आ पहुँची ?

13. 'ज़मीन एक स्लेट का नाम है' आत्मकथांश के पिताजी क्यों दुःखी हैं ?

14. "आज जब अपना सामान खुद उठाया

एक आदमी का चेहरा याद आया ।" कुली का दर्द पहचानने का अवसर कवि को कब मिला ?

**सूचना : 15 से 19 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर चार या पाँच वाक्यों में लिखें ।** **(3 × 4 = 12)**

15. कवि ने मातृभूमि का वर्णन किस प्रकार किया है ?

16. बहादुर शाह ज़फ़र के पत्र के निम्नलिखित वाक्य पढ़ें :

- तीन दफ़ा सुनने के बाद भी दिल को करार नहीं आया ।
- 'दिल्लीवाले मुझको रोते होंगे । वे क्या यह जानते कि मैं भी उनको रोता हूँ ।'

उपर्युक्त वाक्यों के आधार पर बादशाह के चरित्र पर टिप्पणी लिखें ।

17. जीवन-वृत्त के आधार पर प्रसिद्ध कवि ओ.एन.वी. कुरूप के बारे में अनुच्छेद तैयार करें ।

| | | |
|---|---|---|
| नाम | : | ओ.एन.वी. कुरूप |
| जन्म | : | 1931 |
| जन्म स्थान | : | चवरा, कोल्लम |
| रचनाएँ | : | दाहिक्कुन्न पानपात्रं, माट्टुविन् चट्टंङले, भूमिक्कु ओरु चरमगीतं |
| पुरस्कार | : | ज्ञानपीठ, पद्मविभूषण |
| मृत्यु | : | 2016 |

18. 'धन्य है वर्षा
खेतों में कविताएँ
बोते किसान' वर्षा जीवनदाता है ।
हाइकू के आधार पर अपना विचार स्पष्ट करें ।

19. 1947 अगस्त 15 को भारत स्वतंत्र हुआ । स्वतंत्रता प्राप्ति के अगले दिन के समाचार-पत्र का प्रस्तुत समाचार कल्पना करके लिखें ।

**सूचना : गद्यांश पढ़ें और प्रश्न संख्या 20, 21 के उत्तर लिखें ।**

जिस हिंदी को भोजपुरी-अवधी के रूप में, 'हनुमानचालीसा' तथा 'रामचरितमानस' आदि धर्मग्रंथों के माध्यम से भारत से जाते समय वे ले गए थे अपने साथ और जिसे उन्होंने तूफान के बीच दीये की तरह जलाए रखा - आज एक सौ तीस साल बाद वह एक नए रूप में साकार होकर उपस्थित हो रहा है । उसका वैश्विक स्वरूप उभर रहा है ! वह अब गिरमिटिया श्रमिकों की ही नहीं, शासकों, राष्ट्राध्यक्षों की भी भाषा बन गयी है जो संसार के एक सौ बीस देशों में किसी-न-किसी रूप में अपनी उपस्थिति का अहसास जता रही है ।

20. सूरीनाम जाते समय भारतीय किन-किन ग्रंथों को लेकर चले थे ? **(1)**

21. गद्यांश का संक्षेपण करें और शीर्षक लिखें । **(6)**

**सूचना : 22 से 26 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लिखें ।** **(3 × 6 = 18)**

22. पद पढ़ें ।

    जबहीं बन मुरली स्रवन ...
    चकित भई गोप कन्या सब धाम काम बिसरीं ।।
    कुल मरजाद बेद की आज्ञा नेकहु नाहिं डरीं ।
    स्याम सिंधु सरिता ललनागन जल की दरनि दरीं ।
    सुत पति नेह भवन जन संका लज्जा नहीं करी ।
    'सूरदास' प्रभु मन हरि लीन्हों नागर नवल हरी ।।

    - कवि परिचय देकर भाव लिखें ।

23. स्कूटरवाले से परिचय पानेवाली लेखिका की उस दिन की डायरी की पूर्ति करें । (60-80 शब्दों में)

    "आज एक अजीब आदमी से मिलने का अवसर हुआ ।"

    - स्कूटरवाले से परिचय होना
    - उसके बर्ताव पर आकर्षण
    - राहगीरों को पानी पिलाना

24. कवि अनंगजी की बीमारी के बारे में उसकी पत्नी और डॉक्टर के बीच बातचीत होती है । प्रस्तुत बातचीत कल्पना करके लिखें ।

- अनंगजी की बीमारी
- पत्नी की आकुलता
- बेटे का आगमन

25. अक्तूबर 2 को गांधी जयंती के शुभ अवसर पर स्कूल में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की सूचना देते हुए एक आकर्षक पोस्टर तैयार करें ।

26. "माँ, तू बड़ी अच्छी है ... अगर तेरी जगह कोई और औरत होती .... ?" मुर्की के प्रति माँ की ममता और त्याग के बारे में कुमार आत्मकथा में लिखता है । वह आत्मकथांश तैयार करें । (60-80 शब्दों में)

- मुर्की के प्रति माँ का प्यार
- मुर्की का संरक्षण
- मुर्की की मृत्यु पर दुख ।

**सूचना : 27 से 30 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 2 के उत्तर लिखें ।** **(2 × 8 = 16)**

27. सितंबर 21 विश्व शांति दिवस है । उस अवसर पर 'युद्ध से उत्पन्न हानियाँ' – विषय पर एक भाषण देना है । वह भाषण तैयार करें । (100-120 शब्दों में)

- युद्ध के भीषण परिणाम
- युद्ध से उत्पन्न परेशानियाँ
- युद्ध से बचने के उपाय
- शांति का महत्त्व

28. अंग्रेजी खंड का हिंदी में अनुवाद करें ।

There are many festivals in India. Most popular festivals in India are Diwali, Holi, Dasara, etc. These festivals are related to our social and cultural life. The beauty of India is related to these festivals. We celebrate all these festivals with their significance.

(popular – लोकप्रिय, social – सामाजिक, cultural – सांस्कृतिक, related – संबंधित, celebrate – मनाना, significance – महत्ता)

29. आपके स्कूल की राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) ने साबुन का निर्माण किया है । उसकी बिक्री बढ़ाने योग्य आकर्षक विज्ञापन तैयार करें ।

- आकर्षक खुश्बू
- त्वचा के लिए उचित
- शुद्ध नारियल के तेल से बना
- कम दाम

30. हिंदी अध्यापिका ने कक्षा में नेहरूजी का भाषण सुनाया । उस अनुभव के बारे में एक छात्रा अपनी सहेली के नाम पत्र लिखती है । वह पत्र तैयार करें ।

- स्वतंत्रता संग्राम
- वीर जवानों का बलिदान
- नेहरूजी का संदेश
- भारत की सेवा करने का आह्वान